भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
परमाणु ऊर्जा विभाग DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY
नाभिकीय इंधन सम्मिश्र NUCLEAR FUEL COMPLEX
डाक – ईसीआईएल, हैदराबाद E.C.I.L. POST, HYDERABAD – 500 062.

# विज्ञापन संख्या NFC/02/2026

## सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी के लिए सीधा (वाक-इन) साक्षात्कार

नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र (एनएफसी), परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि), हैदराबाद में नीचे दिए गए विवरण के अनुसार मौजूदा/ अवकाश के परिणामस्वरूप उपलब्ध रिक्तियों के लिए **तदर्थ/लोकम आधार (विशुद्ध रूप से अस्थायी)** पर **सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी** के पद को भरने के लिए पैनल तैयार करने के लिए सीधा (वॉक-इन) साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | **सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी (तदर्थ/लोकम आधार पर)** |
| 2 | पदों की संख्या | **05 (पांच पद)** |
| 3 | शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमबीबीएस सहित अपेक्षित योग्यता प्राप्त करने के बाद एक वर्ष का प्रासंगिक अनुभव। अनिवार्य प्रशिक्षुता को अनुभव के रूप में नहीं गिना जाएगा।<br>नोट:- i) उम्मीदवार के पास भारतीय चिकित्सा परिषद से वैध पंजीकरण होना चाहिए।<br>ii) संस्थागत अनुभव वाले उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी। |
| 4 | आयु सीमा | **दिनांक 21.06.2026 को 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।** |
| 5 | परिलब्धियां | **रु. 1,06,804/- प्रति माह का समेकित वेतन।** |

2. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:

i) नियुक्ति विशुद्ध रूप से अस्थायी (तदर्थ / लोकम) आधार पर मौजूदा / अवकाश रिक्ति के अनुसार और जब भी उत्पन्न होगी, की जाएगी।

ii) तदर्थ आधार पर की गई यह नियुक्ति उम्मीदवार को भविष्य में नियमित नियुक्ति के प्रति दावा करने का अधिकार नहीं देगी और ग्रेड में तदर्थ आधार पर प्रदान की गई सेवा की गणना इस उद्देश्य के लिए नहीं की जाएगी।

iii) नियुक्ति एक समय में 89 दिनों की अवधि के लिए की जाएगी, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन और रिक्ति की उपलब्धता के अधीन अधिकतम 178 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है।

3. उम्मीदवारों को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार सीधा (वॉक-इन) साक्षात्कार के लिए रिपोर्ट करना आवश्यक है।:

| | |
|---|---|
| **दिनांक और समय** | **<u>21.06.2026 [रविवार]</u>**<br>**[रिपोर्टिंग समय: सुबह 08:00 बजे से सुबह 10:00 बजे तक]**<br>**10:00 बजे पंजीकरण बंद हो जाएगा और देर से आने वाले उम्मीद्वारों को अनुमति नहीं दी जाएगी** |
| **स्थान** | **एनएफसी गेस्ट हाउस (गुरुकुल), नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, ईसीआईएल फैक्ट्री के पास, हैदराबाद - 500 062.** |

**महत्वपूर्ण नोट:- उम्मीदवारों को संलग्न प्रोफार्मा में विधिवत भरा हुआ आवेदन अपने साथ लाना आवश्यक है। साथ ही, उम्मीदवारों को सत्यापन के लिए सभी मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे और शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि से संबंधित प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी का एक सेट जमा करना आवश्यक है।**

4. यदि साक्षात्कार 21.06.2026 को पूरा नहीं किया जा सका है, तो उम्मीदवार 26.06.2026 को साक्षात्कार में भाग लेने के लिए तैयार हो सकते हैं।

5. एनएफसी बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी अप्रत्याशित प्रशासनिक कारणों से पूरे विज्ञापन या नियमों और शर्तों को बदलने/रद्द करने/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

6. उम्मीदवारों का चयन पैनल एनएफसी वेबसाइट: www.nfc.gov.in पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**ह./- (12/06/2026)**
**सहायक कार्मिक अधिकारी (भर्ती-1) / Asst. Personnel Officer (R-1)**